of additional 4x220 MWe at Kaiga (Kaiga 3 to 6) and 4x500 MWe at Rawatbhata (RAPP 5 to 8) has so for not been accorded.

(b) Environmental Appraisal Committee (EAC) constituted by the Union Ministry of Environment and Forests had to review several details on environmental aspects. Clarification, additional particulars and specific presentations have been given by Nuclear Power Corporation of India Limited to the EAC for review. The EAC was reconstituted by the Ministry once during the review process. Ministry of Environment & Forests is taking further action on the assessment of EAC.

परमाणु संयंत्रों से रेडियोधर्मिता का रिसाव

258*. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसे परमाणु विद्युत संयंत्रों का ब्यौरा क्या है जहां पिछले तीन वर्षों के दौरान रेडियोधर्मिता के रिसाव होने संबंधी मामले सामने आये हैं ; और

(ख) इस रिसाव के क्या कारण थे और उसे रोकने के लिए क्या उपाय किये गये तथा इसके लिये दोषी पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा) : (क) और (ख) परमाणु विद्युत संयंत्रों से विकिरण सक्रियता (गसीय अथवा द्रव) का रिसाव पर्यावरण में होने की ऐसी कोई घटना नहीं हुई जहां विकिरण सक्रियता की मात्रा परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा निर्धारित सीमाओं से अधिक रही हो । जो सीमाएं निर्धारित की गई हैं वे यह सुनिश्चित करती हैं कि संयंत्र की चारदीवारी (अथवा फेन्स पतस्ट) के पास भी किसी व्यक्ति पर विकिरण प्रभाव की पड़ने वाली मात्रा उन सीमाओं से अधिक न हो जो अंतर्राष्ट्रीय विकिरण संरक्षा आयोग द्वारा जनसामान्य के लिए निर्धारित की गई हैं ।

Setting up of a Phosphoric Acid Plant by Indian Farmers' Fertiliser Cooperative Ltd.

*259. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that IFFCO has decided to set up a phosphoric acid plant at Kandla in Gujarat; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILISERS (SHRI CHINTA MOHAN): (a) and (b) IFFCO has submitted a proposal to Government for setting up a captive phosphoric acid plant at Kandla, to produce phosphoric acid equivalent to 1500 tonnes per day of P205, at an estimated cost of Rs. 650 crores, which includes a foreign exchange components of Rs. 165 crores.

पंजाब का औद्योगिक विकास

*260. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है पंजाब लघु उद्योग तथा निर्यात निगम ने पंजाब के औद्योगिक विकास हेतु वर्ष 1990 से 1995 तक के लिए विकास के 14 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लेकर एक योजना प्रस्तुत की है, यदि हां, तो उस योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या उक्त योजना के कार्यान्वियन के लिए कोई समय-बद्ध कार्यक्रम बनाया गया है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?